# हर हर महादेव शम्भू | By Ganesh Pathak |

हर हर महादेव शम्भू
काशी विश्वनाथ गंगे
काशी विश्वनाथ गंगे
माता पार्वती संगे
हर हर महादेव शम्भू
काशी विश्वनाथ गंगे

नमो निरंजन निराकार
साकार बने अर्धांगा
कालिक कपोल भाल ऊर राजत
पिए हलाहल भंगा
हर हर महादेव शम्भू
काशी विश्वनाथ गंगे

डिमक डिमक डिम डमरू बाजे
गावत ताल तरंगा
धिमिक धिमिक धिम बाजे पखावज
मुरली और मृचंग्गा
हर हर महादेव शम्भू
काशी विश्वनाथ गंगे

जटां बीच में गंगा नाचे
नाचत भुजंग भुजंगा
अपनी धुन में गणपति नाचे
नाचें ऋद्धि सिद्धि संगा
हर हर महादेव शम्भू
काशी विश्वनाथ गंगे

कैलाशी काशी के वासी
अमरणाथ दु:खभंजन
उज्जैनी के महाकाल हैं
भक्तों के चितरंजन
हर हर महादेव शम्भू
काशी विश्वनाथ गंगे

ब्रह्मा नाचें विष्णु नाचें
नाचे देवलोक सारा
झूम-झूम के नारद नाचें
गूंजे सदा जयकारा
हर हर महादेव शम्भू
काशी विश्वनाथ गंगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b5-%e0%a4%b6%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%ad%e0%a5%82-by-ganesh-pathak/